# रॉयल बुलेटिन

नगर संस्करण

मुजफ्फरनगर, सोमवार, 6 जुलाई, 2009


## प्रमोद बने नरेगा निगरानी समिति के चेयरमैन

संवाददाता
बिजनौर, 5 जुलाई।

नरेगा निगरानी समिति के उत्तर प्रदेश के चेयरमैन संजय दीक्षित ने नूरपुर के ग्राम ढेला अहीर निवासी प्रमोद त्यागी को नरेगा निगरानी समिति बिजनौर का चेयरमैन मनोनीत किया है। आज लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में जानकारी देते हुए संजय दीक्षित ने बताया कि यूपीए अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल गांधी के प्रयासों से केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना को प्रदेश में लागू किया जा चुका है। इस योजना के प्रचार-प्रसार और निगरानी का काम सबसे कांग्रेसजनों का दायित्व है। उप्र कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डा. रीता बहुगुणा जोशी की अनुमति से प्रमोद त्यागी को नरेगा निगरानी समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया। अब वे बिजनौर जनपद में कांग्रेसजनों के साथ मिलकर नरेगा का प्रचार-प्रसार और निगरानी करेंगे।

Scanned with CamScanner

# 31 को होगी विशाल जनसभा



सिविल लाइन स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते मनरेगा निगरानी के कार्यकर्ता।

*Photo-DLA*

**बिजनौर।** मनरेगा के अंतर्गत हो रही धांधली और भ्रष्टाचारी के खिलाफ आंदोलन छेड़ने का ऐलान प्रमोद त्यागी ने किया। वह एक होटल में प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को घनुवाला में इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर 1000 बेरोजगार जॉब कार्ड धारकों को रोजगार दिलाने के लिए राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन डीएम को दिया जाएगा। उन्होंने सभी जनपदवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र दिवाकर शास्त्री एवं अनिल दुर्रानी के सम्बोधन को सुनें। इस अवसर पर अंकुर चौधरी, तिमल सिंह, सुभाष त्यागी, त्रिलोक सिंह, रामप्रसाद प्रजापति, होशियार सिंह सैनी, दिग्विजय सिंह आदि मौजूद थे।

Scanned with CamScanner

अमर उजाला

## नरेगा के क्रियान्वयन पर निगरानी समिति रखेगी नजर

**बिजनौर :** नरेगा का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला नरेगा निगरानी समिति कार्य करेगी। यह जानकारी समिति के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों को दी। रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में श्री त्यागी ने कहा कि जिले में भी नरेगा योजना में कई खामियां सामने आ रही हैं, जिसमें पूरी मजदूरी का भुगतान न होना प्रमुख है। समिति जल्द ही जिला कार्यकारिणी गठित करेगी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। ब्लाक और न्याय पंचायत स्तर पर भी संगठन का गठन होगा। योजना का पूरा लाभ पात्रों तक पहुंचाने और प्रचार-प्रसार करने में समिति कांग्रेसजनों का सहयोग भी लेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार, नीरज शर्मा, दिग्विजय सिंह मौजूर रहे।

8

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

**चेयरमैन का स्वागत : बिजनौर।** कांग्रेस की नरेगा मॉनीटरिंग कमेटी में बिजनौर का चेयरमैन बनने के बाद प्रमोद त्यागी का बिजनौर पहुंचने पर पार्टी नेताओं ने स्वागत किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रमोद त्यागी ने कहा कि जिले में गांव स्तर तक कमेटी बनाकर नरेगा योजना की मॉनीटरिंग की जाएगी। पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर पहुंचे नूरपुर के ग्राम ढेला अहिर निवासी प्रमोद त्यागी का कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवनीश ठाकुर, नीरज पंडित, राजीव गांधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, साईदा बेगम, इंद्रपाल सिंह, फसाहत नवी आदि ने स्वागत किया। प्रमोद त्यागी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जारी योजनाओं का प्रदेश में सफल क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है।

Scanned with CamScanner

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

# शत-प्रतिशत रोजगार के लिए निकाली पदयात्रा

**बिजनौर, जाकाः** शत-प्रतिशत रोजगार दिलाने की मांग को लेकर शनिवार को जॉब कार्ड धारकों ने ग्राम धनुवाला से पदयात्रा निकाली और बाद में एक हजार जॉब कार्डधारों की सूची सहित राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी आशाराम को सौंपा।

नरेगा निगरानी समिति की शनिवार दोपहर बारह बजे ग्राम धनुवाला में सभा हुई, जिसमें वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जनपद में नरेगा के नाम पर धांधली हो रही है। ग्राम प्रधान व प्रशासनिक अफसर मिलकर गरीब मजदूरों को मिलने वाला हक हड़प रहे है। उन्होंने दावा किया कि जनपद के किसी भी गांव में शत-प्रतिशत कार्ड धारकों को रोजगार नहीं दिया जा रहा। इस कारण मजदूरों को मजबूर होकर एक बैनर के तले एकत्र होना पड़ा। सभा के अंत में सभी मजदूरों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पूण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन प्रमोद त्यागी एवं संचालन जिला महासचिव चौधरी कुलवीर सिंह ने किया। बाद में सभी मजदूर वहां से पदयात्रा के रूप में प्रदेश सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने एक हजार जॉब कार्ड धारकों को प्रथम किस्त में शत-प्रतिशत रोजगार दिलाने की सूची प्रशासनिक अफसर को सौंपी। ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर पाराशर, मनोज भारद्वाज, अंकुर चौधरी, होशियार सिंह, साजिदा बेगम, जमाल शेख, राजेश्वरी राठी, विशाल कुमार, उस्मान अली, अनिल कुमार, ब्रजपाल सिंह, मनोज, उमेश, भीष्म, परवेन्द्र, विक्रम आदि शामिल थे।

हिन्दुस्तान

****** नगर संस्करण

# नरेगा निगरानी समिति ने निकाली पदयात्रा

हमारे संवाददाता बिजनौर

नरेगा निगरानी समिति एवं राजीव गांधी विचार मंच ने ग्राम घनुवाला में जनसभा कर नरेगा मजदूरों को मजदूरी दिलाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र द्वारा चलाई जा रही नरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। घनुवाला से कलक्ट्रेट तक पदयात्रा निकाली गई। वहां पर एक हजार जॉब कार्ड धारकों को काम दिलाने की मांग को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

मंडावर रोड स्थित ग्राम घनुवाला में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब जनता के भले के लिए नरेगा योजना चलाई है लेकिन इस योजना में वास्तविक लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि गरीबों की भावनाओं को समझते हुए विभिन्न गांवों के गरीब बेरोजगारों को रोजगार दिलाना ही स्व. इंदिरा गांधी का सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जनसभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवनीश ठाकुर, मनोज भारद्वाज, नरेगा निगरानी समिति के चेयरमैन प्रमोद त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर पाराशर, चौ. कुलवीर सिंह, अंकुर चौधरी, होशियार सिंह, नीरज पंडित, साजिदा बेगम आदि ने संबोधित किया। जनसभा के सभी सभी लोग घनुवाला से पदयात्रा करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। वहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौंपे गए।

2

Scanned with CamScanner

यशस्वी पत्रकार डोरीलाल अग्रवाल के मिशन को समर्पित

DLA

मेरठ, गुरुवार, 29 अक्टूबर, 2009 मूल्य : 2 रु. वर्षः 2 अंकः 136

# इन्दिरा गांधी की पुण्य तिथि पर निकाली रैली

चांदपुर। पूर्व प्रधान मंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर डैहरा बिलन्दी से कांग्रेसियों की रैली शुरू होकर चार गांव होती हुई बिजनौर के लिए प्रस्थान कर गई।

गांव डैहरा बिलंदी में शनिवार प्रातः छह बजे जिला नरेगा निगरानी के बनैर तले एक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में पद यात्रा रैली निकाली गई। रामप्रसाद प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली गांव रामखेड़ा, पैतिया, गल्लाखेड़ी, सिड़ियावली गांवों में पहुंची। रैली में शामिल सभी लोग हक से मांगो काम के अधिकार के नारे लगा रहे थे। रैली में शामिल सभी लोग वाहनों में बैठ कर मोहम्मदपुर देवमल विकास खंड बिजनौर के लिए प्रस्थान कर गए। इस अवसर पर डॉ. जगदीश सिंह, ताजुद्दीन अंसारी, हरनाम रवि, रामस्वरूप, गजराज, हेमराज, ओमपाल, खूबसिंह, पूरन सिंह रवि, संतराम सिंह आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

चिंगारी

यशस्वी पत्रकार स्व. बाबूसिंह चौहान द्वारा स्थापित

## दिरा गांधी के बालिदान दिवस पर होगा सभा का आयोजन

बिजनौर। गरीबों की मसीहा एवं पूर्ण प्रधानमंत्री स्व.



इंदिरा गांधी के 31 अक्टूबर को आयोजित बलिदान दिवस पर ग्राम घनुवाला स्थित क्रेशर के मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए नरेगा निगरानी समिति के जिला सचिव तिलक सिंह डवोकेट ने बताया कि जनसभा मुख्य अतिथि के रूप विभाकर शास्त्री एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में नीस दौरानी एवं ऑल इंडिया कांग्रेस के सेक्रेट्री लानाथ पाण्डे भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस र्यक्रम का उद्देश्य 1000 लोगों को नरेगा के तहत जगार दिलाना है। बताया कि इस सम्बन्ध में लाधिकारी को ज्ञापन भी दिया जायेगा।

### नरेगा के 48 हजार हड़पे

# प्रधान और वीडीओ के खिलाफ रिपोर्ट

**DLA News**

नूरपुर। ब्लॉक क्षेत्र के गांव पनियाला के प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज किया गया है। इन लोगों के खिलाफ ग्रामीणों की नेरगा से संबंधित शिकायत की थी। मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी से मामले की जांच कराई थी। मामला सही पाये जाने पर 48 हजार रुपये के गबन का मुकदमा दर्ज हुआ है।

ग्राम पनियाला के ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकातयी पत्र देकर ग्राम प्रधान मुन्नी देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी मुरारी सिंह पर नरेगा के तहत एक सड़क निर्माण में फर्जी मजदूरी दर्शाकर 48 हजार रुपये की धांधली का आरोप लगाया था। मुख्य विकास अधिकारी ने जांच नूरपुर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी आरजू हुसैन को सौंपी थी। जांच के दौरान हुसैन ने आरोपों को सही पाया और रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौंप दी। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ नरेगा के 48 हजार रुपये का गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए।

3

Scanned with CamScanner

# चेयरमैन प्रमोद त्यागी का जोरदार स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कांग्रेस हाईकमान ने नरेगा योजना निगरानी समिति का दायित्व सौंपा**

बिजनौर। कांग्रेस हाईकमान द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना निगरानी समिति के नवनियुक्त चेयरमैन प्रमोद त्यागी का आज मुख्यालय पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निगरानी समिति के चेयरमैन श्री त्यागी ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान करते कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई नरेगा योजना का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद को पहुंचे इसके लिए विशेष रूप से जिला, ब्लाक व ग्रामों पर कमेटियां गठित करनी होंगी। जो अपने अपने क्षेत्र में नरेगा मजदूर की परेशानी को समझे तथा उन्हें उस योजना में लाभ दिलाने का काम करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गरीबों के दर्द को समझती हैं। लोकसभा चुनावों में पार्टी द्वारा किये गये प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट हों पार्टी व केन्द्र सरकारकी नीतियों को जन जनतक पहुंचायें। इस अवसर जिलाध्यक्ष अवनीश ठाकुरा, इद्रमणि, मुनीष त्यागी, मंजर हुसैन, नजाकत अलवी आदि नेतागण मौजूद थे।



बिजनौर में नरेगा योजना की निगरानी समिति के नवनियुक्त चेयरमैन प्रमोद त्यागी का स्वागत करते कांग्रेसी। (छाया: शाह टाइम्स

Scanned with CamScanner

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबा
दैनिक जागरण

# केंद्र से मिली रकम खर्च नहीं कर पा रही सरकार

- नरेगा निगरानी समिति के चेयरमैन प्रमोद त्यागी ने लगाया आरोप
- सहायता समूह गठित कर दिलाया जाएगा मजदूरों को काम

**नजीबाबाद, जाका :** आल इंडिया राजीव गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नरेगा निगरानी समिति बिजनौर चेयरमैन प्रमोद त्यागी ने कहा कि केन्द्र सरकार से मिले धन को प्रदेश सरकार खर्च नहीं कर पा रही है। नरेगा का लाभ पात्र मजदूरों को नहीं मिल पा रहा है। निगरानी समिति पंचायत स्तर पर नजर रखकर बीपीएल मजदूरों को लाभ दिलाएगी।

सोमवार को कोटद्वार रोड स्थित कांग्रेसी नेता रिजवान सैफी के निवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुये आल इंडिया राजीव गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नरेगा निगरानी समिति बिजनौर के चेयरमैन प्रमोद त्यागी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना था कि देश में गरीबों को रोजगार मिलना चाहिये। उनके सपने को पूरा करने के लिए वर्ष 2007 में नरेगा आरंभ की गई, जिसके लिए केन्द्र सरकार ने प्रदेश सरकार को ढाई हजार करोड़ रुपये दिये थे। इसमें यूपी सरकार ने मात्र 850 करोड़ रुपये ही खर्च किये हैं। नरेगा में भारी अनियमितता बरती जा रही है। ग्राम प्रधान व सेक्रेंट्री मिलकर धन को खुर्दबुर्द करने में लगे हैं।

समिति पंचायत स्तर पर ऐसे लोगों पर नजर रखेगी। प्रदेश के 52 हजार गांवों में नरेगा के तहत मिट्टी खुदाई का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जिसके बाद मजदूरों को काम नहीं मिल पाएगा। समिति गांवों में सहायता समूह बनाकर तालाब का निर्माण कराएगी, ताकि नरेगा मजदूर मछली पालन आदि काम कर सकें। इसके लिए निगरानी समिति की जनपद में इकाईयों का गठन किया जा रहा है।



नजीबाबाद में पत्रकारों से वार्ता करते राजीव गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद त्यागी। जागरण

इस मौके पर रिजवान सैफी, मिर्जा ग्यास बेग, सैय्यद दानिश अली आदि मौजूद थे

Scanned with CamScanner

अमर उजाला
आगरा • बरेली • मेरठ • मुरादाबाद • कानपुर • देहरादून • इलाहाबाद • झांसी • चंडीगढ़ • वाराणसी • जालंधर • नई दिल्ली • नैनीताल • जम्मू • धर्मशाला • अलीगढ़ • गोरखपुर • लखनऊ
visit us

अमर उजाला | मेरठ, सोमवार, 9 नवंबर, 2009

## झलक

### हादसे में बाइक सवार की मौत

बिजनौर। शनिवार की रात्रि ग्राम भनेड़ा निवासी विशनपाल सिंह मोटर साइकिल से अपने घर जा रहा था। वह पेपर मिल के पास ही पहुंचा था कि सामने से आ रही भैंसा बुग्गी से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर में विशनपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

### विचार गोष्ठी कल

रुड़की। ग्राम शादीपुर में 'कन्या भ्रूण हत्या' विषय पर मंगलवार को एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी को मुख्य रुप से पूर्व राज्यमंत्री कुंवर भारतेंद्र संबोधित करेंगे। यह जानकारी डा. भरत सिंह ने दी।

### चार लोगों को पकड़ा

भूतपुरी। खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को काट रहे चार लोगों को पकड़ कर किसानों ने जमकर पीटा

# हर ब्लॉक से 10 गांव गोद लेंगे

## केंद्र की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाएगी मनरेगा समिति

**नजीबाबाद।** मनरेगा निगरानी समिति जिले भर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगारी गारंटी योजना के क्रियांवयन में पारदर्शिता के साथ केंद्र सरकार की गरीबी उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर निगाह रखेगी। समिति ने ब्लॉक व तहसील अध्यक्षों की घोषणा कर प्रत्येक ब्लॉक से 10-10 गांव गोद लेकर उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने का बीड़ा उठाया है।

राजीव गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मनरेगा बिजनौर के चेयरमैन प्रमोद त्यागी ने नजीबाबाद का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों को दिलाने के लिए जागरूक रहने, ग्रामीण क्षेत्रों में पदयात्राएं एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें केंद्र की विकास योजनाओं की जानकारी देने की सलाह दी। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सलाहउद्दीन सैफी के निवास पर दिलशाद सैफी, अल्ताफ रजा की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं को मनरेगा के चेयरमैन प्रमोद त्यागी ने बताया कि मनरेगा निगरानी समिति का जनपद में गठन कर 11 ब्लॉक के अध्यक्ष तथा 5 तहसील प्रभारी नियुक्त किए जा चुके हैं। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक से 10-10 गांव समिति द्वारा गोद लेकर उन्हें मनरेगा सहित केंद्र सरकार की गरीबी उन्मूलन के लिए चलाईं जा रहीं विभिन्न योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियांवयन के लिए प्रयास एवं जागरूकता अभियान चलाने की जानकारी दी। गोद लिए गांव में योजनाओं के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता एवं योजनाओं से लाभावित गांवों के अध्यक्षों को प्रोत्साहन स्वरूप राजीव गांधी एवार्ड से सम्मानित कराया जाएगा। मनरेगा के बिजनौर चेयरमेन ने कांग्रेसी दिलशाद सैफी, जगदीश प्रसाद, मिर्जा गयाज बेग, अल्ताफ रजा, आसिफ, जरीफ अहमद, मुहम्मद शाकिर, इरफान से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया।

### बीमा योजना की ग्रामीणों को खबर नहीं

**नजीबाबाद।** मनरेगा के बिजनौर चेयरमैन प्रमोद त्यागी ने कहा कि प्रदेश सरकार की उपेक्षित नीतियों के कारण ग्रामीणों को केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नहीं होती। उन्होंने कहा कि गरीबी की सीमा से नीचे जीवन-यापन करने वाले बीपीएल कार्ड धारकों को मात्र तीस रूपये के बीमा पर प्रतिवर्ष 30हजार रूपये देने के प्रति भी ग्रामीणों को जानकारी नहीं है। जिससे वे बीमा योजना तथा सरकार की अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।

Scanned with CamScanner

ਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ, ਧਿਆਨ ਸਿੰਘ ਠਾਕੁਰ, ਬਲਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ, ਜਸਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਤਰਨਤਾਰਨ, ਬਲਦੇਵ ਸਿੰਘ ਮਾਂਗਟ, ਦਿਲਰਾਜ ਰਾਣਾ ਰੋਪੜ, ਹਰਜੀਤ ਸਿੰਘ ਮੁਹਾਲੀ, ਸੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੈਰਾ ਮੈਡੀਕਲ ਆਗੂ ਅਤੇ ਭੈਣ ਊਸ਼ਾ ਰਾਣੀ ਪ੍ਰਧਾਨ ਆਂਗਣਵਾੜੀ ਵਰਕਰਜ਼ ਯੂਨੀਅਨ (ਸੀਟੂ) ਨੇ ਭਰਾਤਰੀ ਸਹਿਯੋਗ ਦੇਣ ਦਾ ਵਾਅਦਾ ਕੀਤਾ।

# ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਰਾਜੀਵ ਗਾਂਧੀ ਵਿਚਾਰ ਮੰਚ ਹਰ ਸੂਬੇ 'ਚ 20-20 ਪਿੰਡ ਗੋਦ ਲਵੇਗਾ: ਪ੍ਰਮੋਦ ਤਿਆਗੀ

ਅਜੀਤ ਨਗਰ, 18 ਨਵੰਬਰ (ਕੇ.ਐਸ.ਰਾਣਾ )-ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਰਾਜੀਵ ਗਾਂਧੀ ਵਿਚਾਰ ਮੰਚ ਭਾਰਤ ਦੇ ਹਰੇਕ ਸੂਬੇ ਵਿੱਚ 20-20 ਪਿੰਡ ਗੋਦ ਲੈ ਕੇ ਉਥੋਂ ਦੀਆਂ ਮਹਿਲਾਵਾਂ ਤੇ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਦੇ ਮੌਕੇ ਪ੍ਰਦਾਨ ਕਰਨ ਦੇ ਨਾਲ ਸਮੁੱਚੇ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਵਿਕਾਸ ਕਰਨ ਦੇ ਯਤਨ ਕਰੇਗਾ। ਇਹ ਇਹ ਵਿਚਾਰ ਸ਼੍ਰੀ ਪ੍ਰਮੋਦ ਤਿਆਗੀ , ਕੌਮੀ ਪ੍ਰਧਾਨ ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਰਾਜੀਵ ਗਾਂਧੀ ਵਿਚਾਰ ਮੰਚ ਨੇ ਮੁਹਾਲੀ ਦੇ ਫੇਜ਼-3ਬੀ2 ਵਿੱਚ ਮੰਚ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਸ. ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਕੇ ਪੀ ਦੇ ਮੁੱਖ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਪੱਤਰਕਾਰਾਂ ਨਾਲ ਗੱਲਬਾਤ ਕਰਦਿਆਂ ਕਹੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸ਼੍ਰੀ ਰਾਹੁਲ ਗਾਂਧੀ ਨੇ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਹਰੇਕ ਨਾਗਰਿਕ ਨੂੰ 90 ਦਿਨ ਦਾ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਗਰੰਟੀ ਸਕੀਮ ਬਾਰੇ ਦੇਣ ਦਾ ਸੁਪਨਾ ਲਿਆ ਹੈ ਉਸ ਸਕੀਮ ਬਾਰੇ ਮੰਚ ਵਲੋਂ ਪਿੰਡ-ਪਿੰਡ ਜਾ ਕੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜਾਗਰੂਕਤ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿੱਚ ਮਹਿਲਾਵਾਂ ਅਤੇ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ ਮਿਨੀਂ ਪ੍ਰੋਜੈਕਟ ਲਗਾ ਕੇ ਰੁਜਗਾਰ ਦੇਵਾਂਗੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਸ ਮੌਕੇ ਸ. ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਕੇ ਪੀ ਵਲੋਂ ਮੰਚ ਲਈ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਕੰਮਾਂ ਦੀ ਸਲਾਘਾ ਕੀਤੀ ਇਸ ਮੌਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਚੌਧਰੀ ਕੁਲਦੀਪ ਸਿੰਘ ਸੈਕਟਰੀ ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਰਾਜੀਵ ਗਾਂਧੀ ਵਿਚਾਰ ਮੰਚ, ਗੁਰਲਾਲ ਸਿੰਘ ਲਾਲੀ ਮੀਤ ਪ੍ਰਧਾਨ ਪੰਜਾਬ, ਸੁਰੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਨੀਟੂ ਮੀਤ ਪ੍ਰਧਾਨ ਅਤੇ ਸੁਖਦੇਵ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ ਤੇ ਹੋਰ ਹਾਜ਼ਰ ਸਨ।



ਆਲ ਇੰਡੀਆ ਰਾਜੀਵ ਗਾਂਧੀ ਵਿਚਾਰ ਮੰਚ ਦੇ ਕੌਮੀ ਪ੍ਰਧਾਨ ਮੁਹਾਲੀ ਵਿਖੇ ਪੱਤਰਕਾਰਾਂ ਨਾਲ ਗੱਲਬਾਤ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਨਾਲ ਬੈਠੇ ਹਨ ਸੂਬਾ ਪਧਾਨ ਬਲਵੀਰ ਸਿੰਘ ਕੇ. ਪੀ. ।ਤਸਵੀਰ ਅਮਰਜੀਤ ਸਿੰਘ

# ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਵਿਦਿਅਕ ਮਿਆਰ 'ਚ ਸੁਧਾਰ ਲਿਆਉਣ ਲਈ ਮੀਟਿੰਗ 20 ਨੂੰ

Scanned with CamScanner

...के विकास कार्यों पर ...चुके हैं। उन्होंने बताया

...सड़कों पर 12 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके बाद सभी ने गांव सिसवां के गुरुद्वारा शीष महल में

...भैरोंमाजरा वालों की बरसी के समागम में शिरकत की तथा गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

...प्रति एकड़ तय किए हैं। साथ ही निर्देश दिए हैं कि प्रभावित जमींदार डेराबस्सी एसडीएम कार्यालय से उक्त मुआवजा राशि प्राप्त कर सकते हैं।

## ...आपदा ...ने की

...| मोरिंडा

...काउंसिल तथा
...बुधवार को
...में कुदरती
...सी के समय
...की हिफाजत
...क्रम प्रस्तुत
...लोगों को
...के समय
...दी गई।
...दौरान बाढ़
...अपने घर
...कर कैसे
...ता है, इस
...स्टिक की
...पीपियां,
...इस्तेमाल
...या गया।
...ब तक
...लने का
...हतर है
...लेकर
...ों की
...करना
...ष रूप

# 'नरेगा की जानकारी दी जाएगी बेरोजगारों को'

**भास्कर न्यूज | मोहाली**

अखिल भारतीय राजीव गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय प्रधान प्रमोद त्यागी ने कहा है कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार नहीं है, वहां नरेगा योजना के फंड का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर राज्य के 20–20 गांवों को गोद में लेकर उनके विकास के लिए कार्य किए जाएंगे। प्रमोद त्यागी मंच की ओर से पंजाब के हर जिले में कार्यालय खोलने के सिलसिले में मोहाली आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि मंच की ओर से पूरे देश में नरेगा योजना के बारे में बेरोजगारों को विस्तार से बताया जाएगा, ताकि वे रोजगार हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि देश में मंच के सदस्य बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 1991 में बनाए गए अखिल भारतीय राजीव गांधी विचार मंच के देश में करीब 50 लाख सदस्य बन चुके हैं। मंच की ओर से पंजाब में भी विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाने के बारे में उन्होंने कहा कि गरीब वर्ग के लोगों को सुविधाएं दिलाने के लिए विशेष उपाय किए जाएंगे। मंच के प्रदेश चेयरमैन बलबीर केपी ने कहा कि मंच की ओर से पंजाब में सदस्य बनाने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पंजाब में अब तक करीब 3 लाख 68 हजार सदस्य बनाए जा चुके हैं। मंच की ओर से बेरोजगारों को काम दिलाने के लिए गांवों में अचार बनाने, सिलाई सेंटर खोलने सहित विभिन्न काम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को कपूरथला और अमृतसर में और 21 नवंबर को तरनतारण, फिरोजपुर में मंच के जिलास्तरीय कार्यालयों का उद्घाटन प्रमोद त्यागी करेंगे।



प्रमोद त्यागी ने दी जानकारी।

## विकास कार्यों के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन

**भास्कर न्यूज | खरड़**

पार्षदों की आपसी फूट के कारण शहर का विकास करीब रुक ही गया था। इसी कारण शहर के कुछ पार्षदों द्वारा मिलकर सिटी विकास ग्रुप बनाया गया था। इस ग्रुप के सदस्यों का दावा था कि वह शहर का विकास कराएंगे, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। शहर का विकास रुकने के कारण इस समस्या से निपटने के लिए क्षेत्र मोरिंडा के विधायक उजागर सिंह बडाली द्वारा पांच सदस्यीय कमेटी की गठन किया गया है। जो शहर के विकास कार्यों की ओर ध्यान देगी, वह शहर का विकास कराएगी। इस कमेटी में नगर परिषद के अध्यक्ष सुखवंत सिंह सीनियर उपाध्यक्ष हिम्मत सिंह, जयभगवंत सिंह सिंगला, दर्शन सिंह व कुलदीप सिंह को शामिल किया गया है। कमेटी के सदस्यों का कहना है कि क्षेत्र के विकास के लिए कमेटी की ओर से हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्षदों की आपसी खींचतान के चलते रुके विकास कार्यों को गति...

Scanned with CamScanner

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

# शत-प्रतिशत रोजगार के लिए निकाली पदयात्रा

**बिजनौर, जाका :** शत-प्रतिशत रोजगार दिलाने की मांग को लेकर शनिवार को जॉब कार्ड धारकों ने ग्राम धनुवाला से पदयात्रा निकाली और बाद में एक हजार जॉब कार्डधारों की सूची सहित राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी आशाराम को सौंपा।

नरेगा निगरानी समिति की शनिवार दोपहर बारह बजे ग्राम धनुवाला में सभा हुई, जिसमें वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जनपद में नरेगा के नाम पर धांधली हो रही है। ग्राम प्रधान व प्रशासनिक अफसर मिलकर गरीब मजदूरों को मिलने वाला हक हड़प रहे है। उन्होंने दावा किया कि जनपद के किसी भी गांव में शत-प्रतिशत कार्ड धारकों को रोजगार नहीं दिया जा रहा। इस कारण मजदूरों को मजबूर होकर एक बैनर के तले एकत्र होना पड़ा। सभा के अंत में सभी मजदूरों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन प्रमोद त्यागी एवं संचालन जिला महासचिव चौधरी कुलवीर सिंह ने किया। बाद में सभी मजदूर वहां से पदयात्रा के रूप में प्रदेश सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने एक हजार जॉब कार्ड धारकों को प्रथम किस्त में शत-प्रतिशत रोजगार दिलाने की सूची प्रशासनिक अफसर को सौंपी। ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर पाराशर, मनोज भारद्वाज, अंकुर चौधरी, होशियार सिंह, साजिदा बेगम, जमाल शेख, राजेश्वरी राठी, विशाल कुमार, उस्मान अली, अनिल कुमार, ब्रजपाल सिंह, मनोज, उमेश, भीष्म, परवेन्द्र, विक्रम आदि शामिल थे।

हिन्दुस्तान

****** नगर संस्करण

# नरेगा निगरानी समिति ने निकाली पदयात्रा

हमारे संवाददाता बिजनौर

नरेगा निगरानी समिति एवं राजीव गांधी विचार मंच ने ग्राम घनुवाला में जनसभा कर नरेगा मजदूरों को मजदूरी दिलाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र द्वारा चलाई जा रही नरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। घनुवाला से कलक्ट्रेट तक पदयात्रा निकाली गई। वहां पर एक हजार जॉब कार्ड धारकों को काम दिलाने की मांग को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

मंडावर रोड स्थित ग्राम घनुवाला में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब जनता के भले के लिए नरेगा योजना चलाई है लेकिन इस योजना में वास्तविक लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि गरीबों की भावनाओं को समझते हुए विभिन्न गांवों के गरीब बेरोजगारों को रोजगार दिलाना ही स्व. इंदिरा गांधी का सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जनसभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवनीश ठाकुर, मनोज भारद्वाज, नरेगा निगरानी समिति के चेयरमैन प्रमोद त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर पाराशर, चौ. कुलवीर सिंह, अंकुर चौधरी, होशियार सिंह, नीरज पंडित, साजिदा बेगम आदि ने संबोधित किया। जनसभा के सभी सभी लोग घनुवाला से पदयात्रा करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। वहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौंपे गए।

2

Scanned with CamScanner

यशस्वी पत्रकार डोरीलाल अग्रवाल के मिशन को समर्पित

DLA

मेरठ, मंगलवार, 4 अगस्त, 2009 मूल्य : 2 रु. वर्षः 2 अंकः 52 www.dlamedia.com मेरठ, नई दिल्ली, आगरा, झांसी से प्रकाशित

# नहीं मिल रहा नरेगा का लाभ: प्रमोद तिवारी

- प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया
- राजीव विचार मंच से जुड़ेंगे 52 हजार सदस्य

**नजीबाबाद।** राजीव गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिजनौर के नरेगा विकास योजना के चेयरमैन प्रमोद तिवारी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही नरेगा योजना के तहत हो रहे भारी भ्रष्टाचार को रोकने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर एक कमेटी का गठन किया जायेगा। जिसका सीधा संबंध जिलाधिकारी से होगा। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी तत्काल कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा।

प्रमोद तिवारी कांग्रेसी नेता रिजवान सैफी के घर पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। श्री तिवारी ने कहा कि नरेगा योजना श्रमिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मजदूरों को इसकी जानकारी न होने के कारण वो इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। जिसका कारण है कि ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव इस योजना में फर्जी वाड़ा कर सारी धन राशि हड़पने में लगे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने इस योजना में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए एक कमेटी का भी गठन किया है। वो कमेटी इस योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करेगी और उसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी। उन्होंने कहा कि उस कमेटी का सीधा संबंध जिलाधिकारी से रहेगा। ताकि कार्यों में हुए घपलों पर अंकुश लग सके। उन्होंने कहा कि उन्हें जनपद बिजनौर की नरेगा योजना का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश सरकार को 8.5 करोड़ का पैकज नरेगा योजना के लिए दिया जो आम आदमी तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने कहा कि हमें 4 माह में 52,000 सदस्यों को राजीव गांधी मंच से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है जो जल्द पूरा कर लिया जायेगा। श्री तिवारी ने कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीता बहुगुणा के घर पर की गयी आगजनी की घटना की सीबीआई से जांच कराये जाने की मांग की। उन्होंने प्रदेश सरकार की अलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई, बलात्कार, रंगदारी आदि सभी चरम सीमा पर हैं। प्रदेश सरकार पार्क बनाने व जनता की गाढ़ी कमाई को दोनों हाथों से लुटाने में लगी है। श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के राज में खुले आम दलितों का शोषण हो रहा है और बिना पैसे लिये रिपोर्ट दर्ज नहीं हो रही है। थाने खुले आम बिक रहे हैं और प्रदेश सरकार के विधायक थाना प्रभारियों से महीना वसूल रहे है। न देने पर उनका तबादला करवा देते हैं। उन्होंने हाल ही में बिजनौर के डीएम रिग्जियान सैम्फियल के तबादलों को भूमाफियायों की देन बताया और थाना नजीबाबाद प्रभारी का तबादला क्षेत्रीय विधायक की देन बताया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हैं और जिन योजनाओं का पैसा केन्द्र सरकार ने प्रदेश सरकार को दिया उन योजनाओं को प्रदेश के आला अधिकारियों ने कागजों में पूर्ण कर डाला। गांवों में कुछ नहीं किया। जिसके लिए केन्द्र सरकार ने अब निगरानी समिति बनाई है जो प्रदेश सरकार द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों की बारीकी से जांच करेगी तथा उसकी रिपोर्ट शासन को भेजेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के विरुद्ध मंगलवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जायेगा। प्रेस वार्ता रिजवान सैफी, अफसान सैफी, सिराजुद्दीन, समीर शेख मिन्टू, शहजादा साजिद आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner